# भारतीय जनता पार्टी

*(केन्द्रीय कार्यालय)*
11, अशोक रोड, नई दिल्ली – 110001
**फोन नं.** : 23005700; **फैक्स** : 23005787

**दिनांक** : 12 फरवरी, 2013

## भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सांसद श्री प्रकाश जावड़ेकर द्वारा दिया गया प्रेस वक्तव्य

करोड़ों रुपये के 2जी घोटाले के आरोपी के साथ सांठगांठ के आरोप में सरकारी वकील श्री ए. के. सिंह का निलंबन और सीबीआई द्वारा उनके खिलाफ मामला दर्ज करना, बीजेपी द्वारा कांग्रेस नेतृत्व वाली यूपीए सरकार पर लगातार लगाए जा रहे इन आरोपों को सही ठहराते हैं कि वह भ्रष्टाचार से जुड़े विभिन्न मामलों में सीबीआई का ''उपयोग और दुरुपयोग'' कर रही है।

सीबीआई के वकील ए.के. सिंह का 2जी घोटाले के प्रमुख आरोपी के साथ मुकदमे की रणनीति के बारे में चर्चा करने संबंधी चौंका देने वाला रहस्योद्घाटन सीबीआई से ज्यादा यूपीए सरकार के बारे में जानकारी देता है।

भ्रष्टाचार और घोटाले के सभी मामलों पर पर्दा डालने का कांग्रेस का तरीका अब खुलकर सामने आ गया है। कभी वह जांच पक्ष का इस्तेमाल करते हैं और अन्य मौकों पर वह अभियोजन पक्ष का इस्तेमाल करते हैं।

2जी घोटाले की चारों तरफ कटु आलोचना होने पर, सरकार ने 2009 में सीबीआई जांच का आदेश दिया लेकिन यह कारगर तरीके से तब तक शुरु नहीं हुई जब तक उच्चतम न्यायालय ने इस पर निगरानी नहीं की।

कांग्रेस की रणनीति तभी स्पष्ट हो गई थी जब उसने पीएसी की रिपोर्ट को पूरी तरह नष्ट कर दिया और अब जेपीसी के जरिये निष्पक्ष जांच में अड़चनें डाल रही है। कांग्रेस का तत्कालीन वित्त मंत्री पी. चिदम्बरम को पूछताछ के लिए भेजने से लगातार इंकार करना पर्दा डालने की रणनीति का हिस्सा है।

भाजपा लोकपाल पर संसद की प्रवर समिति के समक्ष पहले ही लिखित में दे चुकी है कि सीबीआई के अभियोजन खंड में सभी वकीलों की नियुक्ति लोकपाल से मंजूरी मिलने के बाद ही की जाए।

भाजपा अभियोजन और 2जी घोटाले के प्रमुख आरोपी के बीच सांठगांठ के सनसनीखेज और तकलीफदेह रहस्योद्घाटन की संपूर्ण और निष्पक्ष जांच की मांग करती है।

कांग्रेस को इस देश की जनता को जवाब देना होगा क्योंकि इस रहस्योद्घाटन ने सीबीआई की आजादी को लेकर लोगों के भरोसे को और कम कर दिया है।

## यासीन मलिक का मुद्दा

भाजपा पाकिस्तान में जेकेएलएफ के बैनर तले भारत विरोधी प्रदर्शन के मंच पर यासीन मलिक को रोकने में यूपीए सरकार के नकारापन की निंदा करती है। इस मंच का इस्तेमाल मलिक और अन्य लोग कुख्यात आतंकवादी अफजल गुरु को फांसी देने के बाद भारत के खिलाफ तीखे भाषण के लिए कर रहे थे।

एक तो करेला ऊपर से नीम चढ़ा, यासीन मलिक ने भारत विरोधी दुष्प्रचार के लिए एलईटी के प्रमुख और मुंबई हमले के प्रमुख साजिशकर्ता हाफिज सईद को आमंत्रित किया। मुंबई हमले में 156 लोगों की जाने गईं और 302 लोग घायल हो गए।

भाजपा मांग करती है कि सरकार तत्काल उसके यात्रा दस्तावेज रद्द करे और भविष्य में उसकी भारत विरोधी गतिविधियों पर पूरी तरह रोक लगाए।

## मुद्रास्फीति दो अंकों पर

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक जनवरी 2013 में एक बार फिर 10 प्रतिशत से ऊपर पहुंच गया। मनमोहन सिंह सरकार भारतीय अर्थव्यवस्था के माइक्रो और मैक्रो दोनों प्रबंध में पूरी तरह विफल रही है और आम आदमी इसकी कीमत चुका रहा है।

जीडीपी दर 5 प्रतिशत और मुद्रास्फीति करीब 11 प्रतिशत है और यह आम आदमी पर दोहरी मार है जबकि उसकी आमदनी वही है। आवश्यक वस्तुओं के दाम लगातार तेजी से बढ़ रहे हैं।

सबसे खराब स्थिति ये है कि नये वित्त मंत्री पी. चिदम्बरम केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय के उन आंकड़ों को चुनौती दे रहे हैं जो दर्शाता है कि अर्थव्यवस्था में मंदी है और आर्थिक स्थिति में नई जान डालने में सरकार विफल रही है।

इस अभूतपूर्व स्थिति का नतीजा आईआईपी है, जो दिसम्बर 2011 की तुलना में 0.6 प्रतिशत कम हो गया है। खनन, निर्माण और बिजली जैसे प्रमुख क्षेत्रों और उपभोक्ता वस्तु क्षेत्रों के प्रदर्शन में गिरावट आई है।

चालू खाता घाटा और वित्तीय घाटा लगातार बढ़ रहा है। ऐसी स्थिति में अर्थव्यवस्था की बाहरी स्थिति को दोष देने के बजाय, सरकार को आत्मविश्लेषण करना चाहिए और सुधार करना चाहिए।

## पी. जे. कुरियन मामला

सूर्यनेल्ली बलात्कार मामले में हर दिन नये तथ्य उजागर होने के कारण राज्य सभा के उप सभापति पी. जे. कुरियन की स्थिति "अरक्षणीय" है। भाजपा अपनी राज्य इकाई से सलाह–मशविरे के बाद मांग करती है कि जब तक वह दोषमुक्त नहीं हो जाते उन्हें नैतिकता के आधार पर उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

**(ओ. पी. कोहली)**
*मुख्यालय प्रभारी*